BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, शहर को सुरक्षित रूप से दुबारा खोलने की स्टेज 2 की ओर बढ़ रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (24 जून, 2020) – आज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ओनटैरियो सरकार (Government of Ontario) के ऐलान के बाद अपनी बहाली के अगले फेज में प्रवेश कर रही है। इस ऐलान में सरकार ने रीजन ऑफ पील (Region of Peel) को, प्रांत को दुबारा खोलने की स्टेज 2 की ओर बढ़ने की अनुमति दी है।

स्टेज 2 के हिस्से के तौर पर, सिटी नीचे दी गई सेवाएं, फैसिलिटीज और सुविधाओं को सुरक्षित रूप से दुबारा खोलेगी:

**समर कैंपस**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 4 से 10 साल के बच्चों के लिए, 13 जुलाई से लेकर 4 सितम्बर तक, संशोधित समर कैंपस पेश कर रही है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 29 जून को शुरू हो रहे हैं, जिन्हें ऑनलाइन और 311 पर फोन करके किया जा सकता है। हिस्सा लेने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, प्रोग्रामिंग में, बहुत-सी इनडोर और आउटडोर गतिविधियां शामिल होंगी। बढ़ाए गए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी लागू किए जाएंगे, इनमें शामिल हैं:

- अधिकतम आठ बच्चे हिस्सा ले पाएंगे और प्रत्येक कैंप ग्रुप में दो इंस्ट्रक्टर होंगे
- कैंप के लीडर, निजी सुरक्षात्मक उपकरण पहनेंगे
- सभी फैसिलिटीज में अधिक बार सफाई और रोगाणु-मुक्त करना

**स्पलैश पैड्स और प्रोफेसर्स लेक**

पूरे ब्रैम्पटन में, स्पलैश पैड्स, शनिवार, 27 जून को खुलेंगे।

सिटी का अनुमान है कि प्रोफेसर्स लेक (Professor’s Lake), जुलाई के मध्य में खुल जाएगी। जनता रिज़र्वेशन बुकिंग करवाकर बीच तक पहुंच कर सकती है।

**अरेनाज: फिगर  स्केटिंग / हाकी ट्रेनिंग**

29 जून से शुरू करते हुए, अरेनाज केवल ट्रेनिंग के लिए खोले जाएंगे। इस समय बिना तय मुलाकात के आने वालों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और बुकिंग्स, सिटी के स्टाफ द्वारा 905-874-BOOK पर की जाएंगी। किराए पर लेने की बुकिंग्स, 25 जून को शुरू होंगी। बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों में शामिल हैं, हिस्सा लेने वालों की संख्या को, कोचों सहित, अधिकतम 10 व्यक्तियों तक सीमित करना। इस समय कपड़े बदलने के कमरों तक पहुंच नहीं होगी।

**स्पोर्ट्स फील्ड्स, ट्रैक एंड फील्ड, बास्केटबॉल कोर्ट्स**

26 जून से शुरू करते हुए, आउटडोर बास्केटबॉल कोर्ट्स, जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध होंगी।

3 जुलाई को, आउटडोर स्पोर्ट्स फील्ड्स और बैटिंग केजिस, केवल ट्रेनिंग के लिए अनुमति दिए गए उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे। इस समय बिना तय मुलाकात के आने को स्वीकार नहीं किया जाएगा और बुकिंग्स, सिटी के स्टाफ द्वारा 905-874-BOOK पर की जाएंगी। कपड़े बदलने के कमरों तक पहुंच नहीं होगी। हर फील्ड में, कोचों सहित, हिस्सा लेने वाले अधिकतम 10 व्यक्तियों की ही अनुमति होगी।

**पैटियो ब्रैम्पटन**

आज से शुरू करते हुए सिटी, भोजन संबंधी संस्थानों से अस्थायी पैटियो विस्तारों (Temporary Patio Expansions) के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। ब्रैम्पटन में रेस्टोरेंट्स और बार्स को अपने पैटियोज को पगडंडियों पर और निजी पार्किंग वाले क्षेत्रों तक बढ़ाने की अनुमति दी गई है, जिससे अधिक लोग बाहर बैठ पाएंगे। कारोबारियों के लिए अधिक जानकारी, सिटी के पैटियो ब्रैम्पटन पेज (Patio Brampton page) पर उपलब्ध है।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library), सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह से, अपनी दुबारा खोलने की योजना के फेज 2 के तौर पर, चुनिंदा ब्रांचों में, बिना संपर्क वाली, पगडंडी के किनारे से वस्तुएं ले जाने वाली सेवा पेश करने की तैयारी कर रही है। विवरण www.bramptonlibrary.ca पर और ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के Facebook और Twitter, @bramptonlibrary पर उपलब्ध हैं।

**लिंक**

- रेक्रिएशन स्टेज 2 प्रोग्राम और सेवाओं का दुबारा शुरू होना (Recreation Stage 2 Programs and Services Resuming)
- सिटी द्वारा दुबारा खोलने और बंद करने की पूरी सूची (Full list of City reopening and closures)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का दुबारा खुलना और बहाली (City of Brampton Reopening and Recovery)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कोविड-19 संबंधी अपडेट्स (City of Brampton COVID-19 Updates)

**हवाले**

"मुझे बेहद खुशी है कि प्रांत ने शहर को दुबारा खोलने की अपनी योजना में, विचारशील और रीजनल दृष्टिकोण अपनाया है। तीन महीने पहले एमरजेंसी का ऐलान करने के बाद, आज यह बड़ी उपलब्धि और शानदार पल है, जो हमारे समुदाय द्वारा पील पब्लिक हेल्थ की सलाह का पालन करने का परिणाम है। मैं जानता हूं कि हमारे निवासी और कारोबारी बहुत उत्साहित हैं। मैं हर किसी को याद दिलाना

चाहता हूं कि हमारी बहाली की इस गति को कायम रखने के लिए, हमारे लिए सफाई और सुरक्षा की बेहतर पद्धतियों का पालन करते रहना जरूरी है।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"कई सप्ताह तक, निवासियों और लोकल स्टेकहोल्डर्स के साथ योजना बनाने और उनके साथ शामिल होने के बाद, प्रांत की घोषणा के मुताबिक, सिटी अपनी सुविधाओं में से कई को सुरक्षित रूप से दुबारा खोलने और सेवाएं दुबारा शुरू करने के लिए तैयार है। मैं कोविड-19 को फैलने से रोकने और हमारे शहर की पूरी बहाली में सहयोग देने के लिए, हमारे समुदाय की लगातार प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।"

*- मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4; लीड, रीओपनिंग एंड रिकवरी वर्किंग ग्रुप*

"सिटी, उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी निर्देशों और नियमों के मुताबिक, हमारी फैसिलिटीज और सुविधाओं को दुबारा खोलने में, पील पब्लिक हेल्थ के साथ मिलकर काम कर रही है। कर्मचारियों, निवासियों और आगंतुकों का स्वास्थ्य हमारे लिए लगातार प्राथमिकता बना हुआ है। हम अपने संगठन के क्षेत्रों को दुबारा चालू करना शुरू कर रहे हैं, इसलिए पूरी सिटी में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।"

*- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca